परियोजना का नाम:– मा0 मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के अंतर्गत गजखाली मण्डल के मटीला से गैरोली तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य लम्बाई 1.500 कि0मी0

संलग्नक सं0–2.1

## प्रस्ताव के बारे में विवरण एवं प्रस्ताव की औचित्य एव आवश्यकता

इस मार्ग की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0–**1927/III(2)/20–51–(एम0एल0ए0)/2017 टी0सी0, दिनांक 18 अक्टूबर, 2020** के द्वारा 1.500 कि0मी0 की लम्बाई हेतु 8.88 लाख की स्वीकृति प्राप्त है किन्तु उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग से सुनियाकोट– मटीला मोटर मार्ग के कि0मी0 15.00 से ग्राम मटीला से मटीला के तोक गैरोली तक प्रस्तावित है। उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग से ग्राम मटीला का गैरोली तोक उक्त मार्ग से जुड़ जाता है। उक्त मोटर मार्ग में आरक्षित वन भूमि एवं नाप भूमि प्रभावित होती है। उक्त ग्रामों में सब्जी, दूध, फल, दाल उत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है किन्तु मोटर मार्ग की सुविधा न होने के कारण काश्तकारों को उत्पाद बाजार तक पहुचाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों को अस्पताल, बाजार व स्थानीय उत्पादों को बाजार पहुँचाने व यातायात की सुविधा प्राप्त होगी। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों का पलायन रूकेगा व स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा तथा पर्यटन को बड़ावा मिलेगा। प्रस्तावित मोटर मार्ग के लिए अन्य कोई वैकल्पिक स्थान उपलब्ध नहीं है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोग काफी लाभान्वित होंगे। अतः जनता की सुविधा, भूमि की उपलब्धता व तकनीकी बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित मार्ग उपयुक्त है।

**संरेखण न0–1(लाल रंग से):–** इस संरेखण को नक्शे में लाल रंग से दर्शाया गया है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग में सिविल भूमि एवं नाप भूमि प्रभावित होती है। इस मोटर मार्ग की लम्बाई 1.500 कि0मी0 आती है।

**संरेखण न0–2(हरे रंग से):–** इस संरेखण को नक्शे में हरे रंग से दर्शाया गया है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग में सिविल भूमि एवं नाप भूमि प्रभावित होती है। इस मोटर मार्ग की लम्बाई 1.500 कि0मी0 आती है।

इस संरेखण में वृक्षों का पातन अधिक हो रहा है एवं तकनीकी दृष्टि से भी यह संरेखण उचित प्रतीत नहीं हो रहा है।

अतः जनता की सुविधा, भूमि की उपलब्धता, ढाल न्यूनतम वृक्षों की क्षति तथा आर्थिक व तकनीकी बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुऐ संरेखण सं0 1(लाल रंग से) उपयुक्त पाया गया है इसी संरेखण पर मोटर मार्ग का निर्माण किया जाएगा। तद्नुसार ही वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का गठन किया गया है। अतः लो0नि0वि0 के पक्ष में वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव प्रस्तुत है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अमीन<br>प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,<br>अल्मोड़ा | एस.एस. मेहरा<br>कनिष्ठ अभियन्ता<br>प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,<br>अल्मोड़ा | कमल गोयल<br>सहायक अभियन्ता<br>प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,<br>अल्मोड़ा | विजय कुमार<br>अधिशासी अभियन्ता<br>प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,<br>अल्मोड़ा |